प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के बाद तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। ये वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करेगा। वेबिनार में नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित होगी, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।

अनुराग ठाकुर

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज बिलासपुर के प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान भड़ोली कलां में एसबीआई ब्रांच का उदघाटन करेंगे। बाद में वे बिलासपुर जिले के सलवाड़ में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर दोपहर बाद लुहणू में निर्माणाधीन रेल पुल का निरीक्षण भी करेंगे।

बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में आज से स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस बार बोर्ड की परीक्षाओं में एक लाख 95 हजार के करीब विद्यार्थी परीक्षा में भाग लेंगे, जिसके लिए प्रदेशभर में 2 हजार 3 सौ परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम की बेरूखी के चलते चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और लाहौल स्पीति में 8 मार्च तक होने वाली तीन परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग आज से नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र व चुनाव प्रबंधन संस्थान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा पहला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–मंथन और परस्पर अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा।

सम्मेलन के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी संरचना, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया के प्रभाव को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों जैसे अनेक विषयों पर चर्चा होगी।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति व किन्नौर सहित चंबा, कुल्लू व शिमला जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज भी हल्का हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला रूक–रूक कर जारी है। हालांकि बीते दिनों हुए हिमपात और भूस्खलन के चलते कई स्थानों पर अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। इस बर्फबारी के बाद जहां जनजातीय जिलों में शीतलहर बढ़ गई है वहीं व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं। अधिक जानकारी के लिए चंबा व किन्नौर से हमारे संवाददाता

दूसरी ओर शिमला सहित मैदानी जिलों में भी बीती रात से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि मैदानी इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

मंत्रिमंडल के फैसले को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी की सुर्खी है कैग रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत करने को मंजूरी, नई आबकारी नीति व बस किराया वृद्धि पर नहीं हुआ निर्णय। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है राज्यपाल अभिभाषण मंजूर, आएगी कैग रिपोर्ट। दैनिक जागरण के शब्द हैं प्रदेश में भरे जाएंगे एक सौ 47 पद। हिमाचल दस्तक के अनुसार प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के वीसी की नियुक्ति के लिए बदलेगा कानून।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है मनाली–डलहौजी में बर्फबारी, कुल्लू व कांगड़ा में बारिश। दैनिक भास्कर लिखता है पहाड़ों में हिमपात, मैदानों में बारिश से 5 डिग्री गिरा पारा, 200 से अधिक सड़कें बंद।